News सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-137
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**

सिर्फ उतना ही विनम्र बनो
जितना जरूरी हो, ...

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

# बिहार सिटी चीफ



बिहार, गुरुवार 22 अगस्त 2024

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

### चारों अंचल कार्यालय का नाम जानिए..

## नीतीश कैबिनेट का बड़ा फैसला, पटना सदर अंचल को 4 भागों में बांटा गया

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

पटना, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 31 प्रस्तावों पर कैबिनेट की मुहर लगी है। नीतीश कैबिनेट ने कृषि विभाग, खेल विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग, श्रम संसाधन विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, पथ निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, मद्य निषेद उत्पाद एवं निबंधन विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, लघु जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, विधि विभाग, सूचना प्रावैधिकी विभाग, वित्त विभाग, गृह विभाग, श्रम संसाधन विभाग और मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग से जुड़े कुल 31 प्रस्तावों को स्वीकृति दी है।



पटना सदर अंचल को 4 अंचलों में विभाजित करने का बड़ा फैसला कैबिनेट में लिया गया है। पटना सदर अंचल, पाटलिपुत्र अंचल, पटना सिटी अंचल एवं दीदारगंज अंचल को सृजित करने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दी गयी है। पटना सदर अंचल को 4 भागों में बांटा गया है। खेल विभाग के जिला स्तर पर विभिन्न कोटि के 466 अतिरिक्त पदों के सृजन को स्वीकृति मिली है। वही राजगीर में निर्माणाधीन राज्य खेल अकादमी एवं अंतर्राष्ट्रीय मानक के क्रिकेट स्टेडियम के सुगम संचालन के लिए विभिन्न कोटि के कुल 33 पदों पर संविदा पर बहाली होगी। सहरसा न्यायमंडल में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के एक पद के सृजन की स्वीकृति दी गयी। स्थानीय नगर निकाय के कर्मियों को सप्तम वेतन पुनरीक्षण का लाभ मिलेगा।

वही पटना हाई कोर्ट की स्थापना शाखा में आईटी संवर्ग में प्रोग्रामर के दो पदों का सृजन किया गया है। राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों में अंग्रेजी, भौतिकी एवं गणित विषय के लिए सहायक प्राध्यापक के पूर्व से सृजित 273 पदों के अतिरिक्त सहायक प्राध्यापक के 116 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गयी। वही राजकीय पोलिटेक्निक या राजकीय महिला पोलिटेक्निक संस्थानों में अंग्रेजी, भौतिकी, रसायनशास्त्र एवं गणित विषय के अंतर्गत पूर्व से सृजित व्याख्याता के कुल 284 पदों के अतिरिक्त व्याख्याता के कुल 131 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गयी। जबकि लघु जल संसाधन विभाग पटना मुख्यालय के लिए 3 ड्राइवर पदों के सृजन की स्वीकृति मिली है।

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की पुण्यतिथि हर साल 16 अगस्त को पटना में राजकीय समारोह के रूप में मनाया जाएगा। नीतीश कैबिनेट में इसे लेकर फैसला लिया गया है। महिलाओं को होने वाली सर्वाइकल कैंसर बीमारी से बचाव के लिए 9 से 14 साल की उम्र की बच्चियों को ह्यूमन पेपिलोमा वायरस टीका लगाया जाएगा। मुख्यमंत्री बालिका कैंसर प्रतिरक्षण योजना को स्वीकृति दी गयी।

गृह विभाग ने राज्य के विभिन्न जेलों में कारा एवं अस्पताल प्रबंधन के लिए कारा चालक-1 के कुल 67 अतिरिक्त पदों के सृजन की स्वीकृति दी है।

### मुख्यमंत्री का चमचा-बेलचा करता है ट्रांसफर-पोस्टिंग

## तेजस्वी ने किया खुलासा..बिना चढ़ावा चढ़ाये काम नहीं होता



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

हाजीपुर, हाजीपुर में राजद नेता व वार्ड पार्षद पंकज राय की हत्या मंगलवार 20 अगस्त को कर दी गयी थी। घटना हाजीपुर के सदर थाना क्षेत्र के दिग्घी पश्चिम की है। बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष व राजद नेता तेजस्वी यादव आज हाजीपुर पहुंचे। जहां उन्होंने मृतक के परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी और मदद का भरोसा जताया। इस दौरान तेजस्वी यादव ने मीडिया से बातचीत की। कहा कि नीतीश कुमार की पुलिस का इकबाल खत्म हो गया है। अपराधियों के मन में पुलिस का डर खत्म हो चुका है।

लोगों की घर में घुसकर दिनदहाड़े हत्या की जा रही है। नीतीश कुमार का इकबाल खत्म हो चुका है। नीतीश कुमार से बिहार संभल नहीं रहा है अपराधी खुलेआम घुम रहे हैं। वो गृह मंत्री भी है लेकिन अपराध बढ़ता जा रहा है अपराधी के मन में पुलिस का डर खत्म हो गया है। तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि पुलिस प्रशासन का ट्रांसफर पोस्टिंग मुख्यमंत्री के चमचे बेलचे करते हो क्या उपेक्षा कीजिएगा। ये लोग अपने हिसाब से यह काम करते हैं। बिना चढ़ावा दिये एक भी ट्रांसफर पोस्टिंग नहीं होता है। हमलोग तो शुरू से ही इस बात को कहते रहे रहे हैं पुलिस की ट्रांसफर पोस्टिंग कुछ खास लोग जो प्रशासनिक लोग हैं वही करते हैं डीजीपी की सुनी नहीं जाती है। बिहार में आपराधिक घटनाएं बढ़ गयी है हम चाहते हैं पीड़ित परिवार को न्याय मिले। उन्हें सुरक्षा मुहैया करायी जाए और अपराधियों की गिरफ्तारी हो।

परिवार के सदस्यों ने सुरक्षा मुहैया कराने की मांग पुलिस से की थी कहा था कि वार्ड पार्षद पंकज राय की जान को खतरा है लेकिन वार्ड पार्षद को सुरक्षा नहीं दी गयी। जिसके कारण ही इनकी हत्या कर दी गयी। तेजस्वी यादव ने यह मांग किया कि जो लोग भी दोषी हैं उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए और आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए। परिवार के लोगों को सुरक्षा मुहैया कराया जाए। उन्होंने कहा कि मामले में कठोर एक्शन होनी चाहिए। जिले के एसपी को कार्रवाई करनी चाहिए।

हाजीपुर नगर परिषद के वार्ड नंबर 5 निवासी चंद्रिका राय के बेटे वार्ड पार्षद पंकज राय को अपराधियों ने मंगलवार को गोली मारकर हत्या कर दी थी। बाइक सवार तीन अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया था। अपराधियों ने 10 से 15 राउंड फायरिंग की थी। बताया जाता है कि वार्ड पार्षद अपने कपड़े के दुकान पर बैठे हुए थे तभी अपराधियों ने उन्हें गोलियों से भून दिया। इस घटना से परिजनों के बीच कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजन हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग पुलिस से कर रहे हैं।

बताया जाता है कि पूर्व में विवाद को लेकर वार्ड पार्षद पंकज राय ने 6 महीने पूर्व थाने में आवेदन दिया था कि उनकी जान को खतरा है उन्हें सुरक्षा मुहैया करायी जाए। लेकिन आवेदन देने के बाद भी सदर थाने की पुलिस पदाधिकारी द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गयी। जिसके कारण वार्ड पार्षद व राजद नेता को गोलियों से भून दिया गया।

बता दें कि वार्ड 5 के पार्षद पंकज राय पहली बार वार्ड पार्षद बने थे। जानकारी के अनुसार पंकज राय अपने घर के बगल में एक कपड़ा के दुकान पर बैठे हुए थे। इसी दौरान एक पल्सर पर सवार तीन बदमाश मौके पर पहुंचकर अंधाधुंध गोलियां चलाना शुरु कर दिया। बदमाशों ने पंकज राय को तीन गोली मारी है। गोली चने की आवाज सुनकर मौके पर आसपास के लोग जुट गए। स्थानीय लोगों की मदद से परिवार वालों ने आनन-फानन में सदर अस्पताल लाया। डॉक्टर ने जांच के बाद मृत्य घोषित कर दिया।

## पटना के बाढ़ में 4 लोगों की दम घुटने से मौत

### सेप्टिक टैंक की सेंटरिंग खोलने उतरे थे सभी

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

पटना, पटना से सटे बाढ़ अनुमंडलीय थाना क्षेत्र में दर्दनाक हादसा हुआ है. नवनिर्मित शौचालय के सेप्टिक टैंक में दम घुटने से 4 लोगों की मौत हो गई है. घटना बाढ़ थाना क्षेत्र के पुराई बाग की है. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नवनिर्मित शौचालय टंकी का सेंटरिग खोलने के लिए चारों अंदर गए हुए थे.चार मजदूर सेंटरिंग खोलने के लिए टंकी में उतरे थे.



इस दौरान एक के बाद एक सभी अंदर फंसते चले गए. पहले सभी के अंदर फंसे होने की सूचना मिली. फिर सभी को सांस लेने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था. जैसे ही इस हादसे की जानकारी स्थानीय लोगों को हुई, उन्होंने फौरन इसकी सूचना पुलिस को दी. सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और सभी को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू चलाया गया.मामले की सूचना मिलते ही एसडीएम शुभम कुमार ने ऑक्सीजन युक्त एंबुलेंस मौके पर भेजा. चारों को बचाने के लिए रेस्क्यू भी चलाया जा रहा था. लेकिन सभी लोगों की दम घुटने से मौत की पुष्टि प्रशासन ने कर दी है. बाढ़ एसडीएम शुभम कुमार ने चारों के टंकी में फंसने और उनके शव बरामद कर लेने की पुष्टि की है.

## बिहार में गाड़ियां होंगी सबसे सस्ती! कार का रजिस्ट्रेशन बस 4000 में

### पहले लगते थे 24 हजार, बाइक पर भी घटाया

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

पटना, अब बिहार के लोगों को गाड़ी खरीदने के लिए झारखंड की राजधानी रांची जाने की जरूरत नहीं है. अब बिहार के लोग अपने जिले में ही सस्ती गाड़ियां खरीद सकते हैं. दरअसल, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में 31 प्रस्तावों पर मुहर लगी है. इसी कड़ी में नीतीश कैबिनेट ने मोटर वाहन के रजिस्ट्रेशन चार्ज को घटा दिया है. बिहार में गाड़ियों की खरीद और रजिस्ट्रेशन को बढ़ावा देने के लिए यह फैसला लिया गया है. बता दें कि दूसरे राज्यों से ज्यादा रजिस्ट्रेशन चार्ज बिहार में था.बिहार में नई गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन के लिए आपकी जेब पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा. नीतीश कैबिनेट बाइक, ऑटो, कैब आदि के रजिस्ट्रेशन चार्ज में कमी के प्रस्ताव को मंजूर किया.

मोटर साइकिल के रजिस्ट्रेशन के लिए अब 1,500 रुपये की जगह 1,150 रुपये देने होंगे. इसके अलावा ऑटो के लिए रजिस्ट्रेशन चार्ज को 5,650 की जगह 1,150 रुपये और कैब के लिए 23,650 की जगह मात्र 4,150 रुपये का चार्ज लगेगा.

### सोनपुर के IDBI बैंक में सवा 19 लाख की लूट

## तीन अपराधियों ने बंदूक की नोक पर वारदात को दिया अंजाम

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

पटना, बिहार में एक बार फिर से अपराधियों का तांडव देखने को मिला है. एक बार फिर से बेखोफ बदमाशों ने बैंक को अपना निशाना बनाया है. इस बार सारण के सोनपुर में दुस्साहसिक लूट की वारदात को अंजाम दिया गया है. हालांकि अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है. पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है.जानकारी के अनुसार, सोनपुर के व्यस्ततम गोला रोड चौक पर सबकुछ सामान्य चल रहा था. तभी दोपहर 12.43 बजे अपराधियों ने आईडीबीआई बैंक शाखा में धाबा बोल दिया. हथियार के बल बदमाशों ने 19,25,000 रुपये की लूट की.




इसके बाद अपराधी हथियार लहराते, हवाई फायरिंग करते हुए फरार हो गए.प्रत्यक्ष दर्शियों का कहना है कि, एक बाइक से तीन हथियार बंद अपराधी आए. अपराधियों द्वारा पिस्तौल का भय दिखाकर काउंटर से 16,75,000 एवं ग्राहक से ढाई लाख रुपये की लूट की गई. कोई कुछ बोल नहीं पाए इसलिए अपराधियों ने जान से मारने की धमकी दी.इस बात की जानकारी मिलने पर सोनपुर थाना की पुलिस और सोनपुर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की. इस घटना में शक के आधार पर बैंक के गार्ड को हिरासत में लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है. इस घटना की पुष्टि सारण एसपी डॉक्टर कुमार आशीष ने की है. पुलिस की टीम बैंक के कर्मचारियों और ग्राहकों से भी पूछताछ कर रही है.

## गजब ब्लंडर हो गया! पटना में भारत बंद रोकने उतरे सिपाही ने SDM पर बरसा दी लाठी

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

पटना, पटना में भारत बंद का व्यापक असर देखने को मिल रहा है.

इस दौरान प्रदर्शनकारियों को शांत कराने पहुंचे एसडीएम पर ही कुछ पुलिस के सिपाहियों ने लाठियां बरसा दी. इस कारण थोड़ी देर के लिए पुलिस और प्रशासन के बीच असहज स्थिति उत्पन्न हो गई. एसडीएम पर लाठी भांजते जब सीनियर पुलिस अफसर ने देखा तो जवानों को उनसे अलग किया. इसके बाद एसडीएम साहब भी तमतमा गए. फिर जवानों ने एसडीएम से माफी मांगी और कहा कि गलती से हो गया सर. इस घटना का वीडियो काफी वायरल हो रहा है.